iDEX योजना का विस्तार

स्रोत: IE

रक्षा मंत्रालय, रक्षा प्रौद्योगिकी नवाचार को बढ़ावा देने के क्रम में अपनी**iDEX योजना** के विस्तार हेतु प्रयासरत है। **यह एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है** जो वर्ष 2021 में शुरू हुई थी।

- iDEX योजना **स्टार्टअप्स**, **MSMEs** और नवप्रवर्तकों को नई रक्षा एवं एयरोस्पेस तकनीक निर्माण में मदद करने पर केंद्रित है, जिसके परिणामस्वरूप अब तक 37 उत्पादों का विकास हुआ है।
- **iDEX प्राइम: iDEX प्राइम** के तहत अधिक उन्नत रक्षा प्रणालियों को समर्थन देने के लिये अनुदान सीमा को**1.5 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपए** किया गया है।
- **ADITI योजना:** वर्ष 2024 में शुरू की गई **ADITI योजना के द्वारा iDEX ढाँचे के तहत** 30 प्रमुख रक्षा प्रौद्योगिकियों के विकास हेतु **25 करोड़ रुपए तक का अनुदान दिया जाना शामिल है।**
  - **ADITI 2.0 के तहत AI, क्वांटम प्रौद्योगिकी** एवं **एंटी-ड्रोन सिस्टम** जैसे क्षेत्रों में **19 नए चैलेंज प्रस्तुत किये गए**, जिनका उद्देश्य भारत की रक्षा क्षमताओं को और मज़बूत करना है।
- **डिफेंस इंडिया स्टार्ट-अप चैलेंज (DISC):** iDEX पहल को बढ़ावा देने के लिये रक्षा नवाचार में स्टार्ट-अप और MSMEs का समर्थन करने के क्रम में **अटल इनोवेशन मिशन के साथ DISC को शुरू किया गया था। DISC के 12 वें संस्करण में मानव रहित हवाई वाहन (UAV)** और AI जैसे **प्रमुख तकनीकी क्षेत्रों में 41 चैलेंज** प्रस्तुत किये गए, जिनमें **1.5 करोड़ रुपए तक का अनुदान** दिया गया।

अधिक पढ़ें: रक्षा उत्कृष्टता के लिये नवाचार

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/idex-scheme-expansion